हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 12 अक्टूबर 2024
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]




HAPPY Dussehra

खरीदी के शुभ दिन

SHOP & WIN

JEETO DHAN DHANA DHAN




प्रत्येक ₹ 9000 की खरीदी पर पायें एक लक्की कुपन और अनेक उपहार

वार्षिक उपहार उत्सव के साथ साथ प्रत्येक 2 माह में भी पाईये आकर्षक उपहार

Double Gold Rate Protection

ADVANCE BOOKING

त्यौहारों की भीड़ से पहले अपनी पसंद के आभूषण आज के भाव से बुक करायें। यदि त्यौहारों में भाव बढ़ते हैं तो भी फायदा आपका। और यदि भाव कम होते हैं तो कम भाव में आपको भुगतान करना होगा। अभी से दीपावली तक कभी भी शुभ मुहूर्त में ले जायें अपने मनचाहे आभूषण।

| बंपर ड्रॉ | | |
|---|---|---|
| 1st | टाटा टिआगो | 1 no |
| 2nd | होण्डा एक्टिवा | 1 no |
| 3rd | रेफ्रिजरेटर | 3 nos |
| 4th | पार्टी स्पीकर | 5 nos |
| 5th | एयरफ्रायर | 10 nos |
| 6th | ईयर बड्स | 25 nos |

| प्रत्येक 2 माह के ड्रॉ | | |
|---|---|---|
| 1st | होण्डा एक्टिवा | 1 no |
| 2nd | आई फोन | 1 no |
| 3rd | रेफ्रिजरेटर | 1 no |
| 4th | पार्टी स्पीकर | 5 nos |
| 5th | एयरफ्रायर | 10 nos |
| 6th | ईयर बड्स | 25 nos |





सहेली ज्वेलर्स

हमारी शाखाएं

- भिलाई : सिविक सेंटर फोन : 9111177553
- दुर्ग : गाँधी चौक फोन : 9111177550
- रिसाली : बी.एस.पी मार्केट फोन : 9111177558

100% EXCHANGE VALUE OF OLD GOLD | 100% CERTIFIED DIAMONDS | 100% HALLMARK GOLD

All 7 Days Open | Parking Available

T&C apply*

TEAM CREATIVE ADVERTISERS


Happy
Dussehra


HAPPY
Dussehra
जय श्रीराम
असत्य पर सत्य की जीत का
महापर्व
विजयादशमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
#BhilaiCanDo
अतुल पर्वत
चेयरपर्सन :-
भिलाई केन-डू पर्वत फाउंडेशन



विजयादशमी
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
शुभ दशहरा
जय श्रीराम


जय माता दी
मीना सीमेंट एवं स्टील
असत्य पर सत्य की जीत का
महापर्व विजयादशमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राहक की संतुष्टि-हमारा लक्ष्य
अधिकृत विक्रेता
बिरला गोल्ड सीमेंट, रेत, गिट्टी, ईट,
सीमेंट एवं सभी प्रकार के बिल्डिंग मटेरियल
के थोक व चिल्हर विक्रेता
विशाल जैन
न्यू गंज मंडी के पास, धमधा रोड, दुर्ग (छ.ग.)
98271-09424, 93023-89798


विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएं
HIMANSHU
SHIVA
HIMANSHU BEVERAGE
PACKAGED DRINKING WATER
विजय अग्रवाल
अध्यक्ष-पेकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर एसोसियेशन दुर्ग-भिलाई
जिला महामंत्री-अ.भा.अग्रवाल महासभा दुर्ग (छ.ग.)
प्रदेश सचिव-लघु उद्योग भारती
समाजसेवी
82-A, Industrial Estate Bhilai, Dist.-Durg (C.G.)
0788 4017901, Mob.: 95222 01616, 93018 34059
E-mail : shivatech2000@rediffmail.com


I.M.I. हॉस्पिटल
(UNIT OF PROMINENT HEALTH CARE PVT. LTD)
40 बिस्तर 10 ICU Bed मल्टीस्पेशियालिटी हॉस्पिटल
डॉ. खुबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना व ESIC की सुविधा उपलब्ध
विभिन्न इंश्योरेंस / TPA द्वारा कैशलेस ईलाज की सुविधा उपलब्ध
उपलब्ध सुविधाएँ..
• चेहरे की प्लास्टिक सर्जरी
• मूत्र, उदर रोग विभाग
• इन हाउस कैंटीन
• नेत्र रोग विभाग
• हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण
• गहन चिकित्सा वार्ड
• इन हाउस मेडिकल स्टोर
• दंत रोग विभाग
• ट्रामा सेंटर
• जनरल मेडिशन विभाग
• डायलेसिस यूनिट
• छाती रोग विभाग
• मेक्सिलोफेशियल सर्जरी
• आपरेशन थिएटर
• न्यूरो सर्जरी विभाग
• स्त्री रोग विभाग
24 घंटे
आपातकालीन
सेवा उपलब्ध
FACILITY
40 Bed
& 10 Bed ICU
नगर निगम के बाजू में, विश्वकर्मा मंदिर के पीछे,
खुर्सीपार, भिलाई. मोबा.: 95845 94102, 7470352102


कालीबाड़ी हाउसिंग बोर्ड औद्योगिक क्षेत्र, भिलाई
असत्य पर सत्य की जीत का
महापर्व विजयादशमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
53वाँ वर्ष
रिकेश सेन
विधायक
वैशाली नगर विधानसभा
बग्गे सिंग
अध्यक्ष, काली बाड़ी दुर्गा पूजा समिति
आशीष नंदी
महासचिव, काली बाड़ी दुर्गा पूजा समिति
काजल चक्रवती
अध्यक्ष, काली बाड़ी सेवा एवं शिक्षा समिति
विद्युत चौधरी (बॉबी)
महासचिव, काली बाड़ी सेवा एवं शिक्षा समिति


बुराई पर अच्छाई का जीत का महापर्व
विजयदशमी की
हार्दिक शुभकामनाएं...
शुभ दशहरा
ज्ञान प्रकाश दांडेकर
(बी.ई,एल.एल. बी )
अधिवक्ता-सुप्रीम कोर्ट
SCBA No: D-00201/OS
मो.: 98271-93884

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 12 अक्टूबर 2024

तापमान
अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 21.2 डिग्री

15 दलहन-तिलहन, उद्यानिकी एवं नगदी फसलों के लिए करेंगे प्रोत्साहित



15 बसपा की आत्मसम्मान यात्रा का दुर्ग में किया गया स्वागत









# महादेव सट्टे का मास्टर माइंड सौरभ की गिरफ्तारी से ट्विनसिटी में खलबली

## इंटरपोल की मदद से दुबई में पकड़ने के बाद भिलाई-दुर्ग के जुड़े लोगों में दहशत का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

ऑनलाइन महादेव सट्टा का मास्टरमाइंड सौरभ चंद्राकर के गिरफ्तारी की खबर से इस्पात  नगरी में सनसनी फैल गई है। राजनीतिक दलों के कई छुटभैया नेताओं की हालत पतली हो गई है। इसके अलावा शहर में रहकर बेखौफ तरीके से ऑनलाइन सट्टा का संचालन करने वाले भी दिन भर पूछ परख करते रहे है। महादेव सट्टा का संचालन सौरभ चंद्राकर को इंटरपोल के अधिकारियों ने दुबई से पकड़ लिया है। दुबई की पुलिस और स्थानीय फोर्स के साथ मिलकर सीबीआई और ईडी के अधिकारियों ने सौरभ चंद्राकर से जुड़ी हर डिटेल इंटरपोल को दी थी। सात दिनों के भी सौरभ चंद्राकर को भारत लाया जा सकता है।




खबरों के मुताबिक गिरफ्तारी के बाद इंटरपोल के अफसर ने भारतीय विदेश मंत्रालय को खबर दी है। अब सौरभ चंद्राकर को भारत और फिर जल्द भिलाई दुर्ग लाने की तैयारी चल रही है। उसे लाने के लिए अफसरों ने दस्तावेजों का काम जल्द निपटने में लग गए है। लंबे समय से फरार चल रहे सौरभ चंद्राकर को पकड़ने दुबई में अफसर अपनी पहचान छुपाकर रह रह रहे थे। जैसे ही सौरभ चंद्राकर के ठिकानों की जानकारी हुई तुरंत उसे धरदबोचा गया। मिली जानकारी के मुताबिक सौरभ चंद्राकर की यूएई में गिरफ्तारी की सूचना मिलने के बाद शुक्रवार को रायपुर ईडी की ओर से पीएमएलए कोर्ट से प्रत्यर्पण से जुड़े दस्तावेज विदेश मंत्रालय को भेजे गए है। प्रत्यार्पण से जुड़े सारे दस्तावेज हैं वे ओरिजिनल अंग्रेजी और हिंदी वर्जन से अरबी भाषा में ट्रांसलेट किया गया। ताकि प्रत्यर्पण के प्रोसेस में किसी प्रकार से कोई परेशानी ना हो। सूत्रों के मुताबिक शहर में विनय, लोकेश, रेड्डी, कुंदन, रवि, राजा, मोनू, चौधरी, विपिन कुमार, टाइगर, तेजी, साहिल, सतीश, सुशांत समेत सैकड़ों की संख्या में महादेव सट्टा का कारोबार संचालित कर रहे है।

### लाने की तैयारी पूरी

बताया जा रहा है कि सौरभ चंद्राकर को गिरफ्तार करने के बाद एजेंसियां उसे जल्द भारत लाने की तैयारी में जूट गई है। इससे जुड़े सारे दस्तावेज एकत्रित कर ली गई है। सात दिनों के भीतर उसे लाया जा सकता है। पुलिस ने सारे डॉक्यूमेंट्स को विदेश मंत्रालय को भेजा गया है। जहां से यूएई एम्बेसी को भेजा जाएगा। ईडी निदेशालय के लिए सौरभ चंद्राकर वांटेड था। इंटरपोल के रेड कॉर्नर नोटिस के बाद कार्रवाई की गई है। विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय भी एक्शन में शामिल रहा। पूरी टीम मिलकर सौरभ चंद्राकर को पकड़ने के लिए काम किया है।

हरिभूमि पड़ताल

### सौरभ सट्टा बाजार का बड़ा नाम 2019 में बना

महादेव सट्टे का मास्टर माइंड सौरभ चंद्राकर भिलाई निवासी है। उसके पिता नगर निगम में पंप ऑपरेटर थे। जिसे  सौरभ ने सेवानिवृत्त कराकर विदेश लेकर चला गया है। सौरभ की पहले एक जूस की दुकान भी थी। 2019 में वो दुबई गया और अपने दोस्त रवि उप्पल को भी बुलाया। इसके बाद दोनों ने मिलकर महादेव ऐप लॉन्च किया और फिर धीरे-धीरे ऑनलाइन सट्टा बाजार का बड़ा नाम बन कमा लिया। महादेव बेटिंग ऐप ऑनलाइन सट्टेबाजी के लिए ऐप बनाए थे। इस पर यूजर्स पोकर, कार्ड गेम्स, चांस गेम्स नाम से लाइव गेम खेलते थे। ऐप के जरिए क्रिकेट, बैडमिंटन, टेनिस, फुटबॉल जैसे खेलों और चुनावों में अवैध सट्टेबाजी भी की जाती थी। सट्टे के नेटवर्क के जरिए इस ऐप का जाल तेजी से फैला।

### पांच हजार से भी अधिक का पेज

बताया जा रहा है कि महादेव सट्टे का मास्टर माइंड सौरभ चंद्राकर के दस्तावेज करीब 5 हजार से भी अधिक पेजों का है।जिसकी फोटो कापी से लेकर कार्रवाई करने में समय लगता है। भिलाई-दुर्ग में पुलिस तीन सालों से सौरभ चंद्राकर के सारे दस्तावेजों को तैयार किया। उससे जुड़े एक-एक व्यक्तियों की जानकारी पुलिस के पास सुरक्षित है। साथ ही साथ दुबई में अफसरों को सौरभ के मोबाइल भी मिले जिसमें भिलाई-दुर्ग के सैकड़ों की संख्या में लोगों के नाम होने की जानकारी मिल रही है। जो सीधे सौरभ से बात किया करते थे।

### दस प्रदेश में चल रहा जमकर कारोबार

जानकाकरी के मुताबिक महादेव सट्टा का बड़ा कारोबार छत्तीसगढ़ समेत एमपी, तमिलनाडू, तेलगांना, कर्नाटक, उडिसा, सिक्कम,नागालैंड, असम, मेघालय समेत विदेशों में जमकर ऑनलाइन सट्टे का कारोबार बेखौफ तरीके से चल रहा है। बताया जा रहा है कि करीब 4 हजार लोग दुबई में रहकर अवैध कारोबार करते आ रहें है। अब सौरभ की गिरफ्तारी की सूचना के बाद से इसमें शामिल लोगों की धड़कने थम सी गई है। आईडी से ऑपरेटर अपने कस्टमर के लिए खुद आईडी बनाता है या अपने कर्मचारियों से बनवाता है। सेटलमेंट की राशि अकाउंट में दी जाती है। एक अकाउंट ग्रुप में 300-500 पैनल ऑपरेटर जुड़े रहते है। पैनल ऑपरेटर अपने होने वाले लाभ का 30 प्रतिशत रखकर शेष पैसा अकाउंट ग्रुप को देता है। इस तरह महादेव सट्टा का काम चल रहा है।

### सारे दस्तावेजों को जुटाकर भेजा गया



“ यूएई में गिरफ्तारी हुई है। उसे लाने की सारी प्रक्रिया पूरी तरह ली गई है। सौरभ चंद्राकर के खिलाफ 7 से अधिक मामले दर्ज है।दो सालों से पुलिस की टीम सारे दस्तावेजों को एक-एक कर जुटाकर विदेश मंत्रालय को भेजा गया। इससे जुड़े लोग नहीं बख्शे जाएगें।

-राम गोपाल गर्ग
आईजी दुर्ग रेंज

दुर्घटना

## सड़क हादसे में दो की मौत

**भिलाई**। अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। घटना नेवई और पदमनाभपुर थाना क्षेत्र का है। पदमनाभपुर टीआई अंबिका प्रसाद ध्रुव ने बताया कि रविवार की रात अज्ञात वाहन ने एक्टिवा सीजी 07 सीएल 5451 में सवार वार्ड 42 कसारीडीह सुभाष नगर दुर्ग निवासी नीरज नागवंशी जाने के लिए निकला था। इस दौरान दुर्ग आरटीओ कार्यालय के सामने अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही पूर्व वाहन चलाते हुए एक्टिवा सवार को चपेट में लिया। घटना में नीरज की मौक पर मौत हो गई। मृतक मजदूरी का काम करता था। वहीं दूसरी घटना नेवई की है। टीआई आनंद शुक्ला ने बताया कि स्टेशन मरोदा निवासी राजबीर रामटेके और मिथलेश गायकवाड 10 अक्टूबर की बाइक से कर्मा चौक की ओर जा रहे थे। इस दौरान बिलाश बोरकर की वाहन को जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में विलाश बोरकर को चोट आई। खबर लगते ही पुलिस दोनों घायलों को अस्पताल पहुचाया गया। जहां राजवीर ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। दूसरा का उपचार जारी है।

### हत्या: 3 आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई**। एसडीओपी आशीष बंछोर ने बताया कि ग्राम पुरई उतई निवासी द्वारिका प्रसाद सिन्हा की हत्या करने वाला गोवर्धन चौक नेवई निवासी किशन उर्फ छोटू राजपूत को गिरफ्तार किया गया है। हत्या में गणेश, जयसिंग भी शामिल थे। तीनों ने मिलकर लोहे का सरिया व कटर से द्वारिका सिन्हा पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस ने तीनों आरोपी को पकड़ लिया है। कार्रवाई में उतई थाना प्रभारी विपिन रंगारी समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।






हरिभूमि
रायपुर, शनिवार 12 अक्टूबर 2024
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
74154-69100, Message at - 9755819129

13



धनोरा में माता का जगराता
देर रात तक झूमते रहे भक्त

## लाइव इवेंट

### पुरानी गंजमंडी में कवि सम्मेलन सुबह 4 बजे तक गुदगुदाया



**दुर्ग।** शारदीय नवरात्रि और गंजपारा दुर्गा उत्सव समिति के 57वें स्थापना वर्ष पर पुरानी गंजमंडी में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। आयोजन में सांसद विजय बघेल, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर प्रमुख रूप से शामिल हुए। कवियों की सजीव प्रस्तुतियों और शब्दों के जादू का आनंद देर रात तक लोगों ने महसूस किया। कवियों ने प्रस्तुतियों ने दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों को गुदगुदाया। देश के कवियों ने एक से बढ़कर एक काव्य रचनाओं के माध्यम से ऊर्जावान श्रोताओं को लीन करने को मजबूर कर दिया। इस अवसर पर मां दुर्गा की आराधना के साथ-साथ साहित्यिक रचनाओं की गूंज ने आयोजन को विशेष बना दिया। श्रद्धालुओं और साहित्य प्रेमियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया। कवि शशिकांत यादव ने मंच का संचालन किया। दिनेश वावरा, जानी बैरागी, अनिल अग्रवंशी, मनु वैशाली ने अपनी रचनाओं को पढ़ा। आयोजन में अध्यक्ष रवि पीडियार, विकेश मिश्रा, मनोज शर्मा, संजय रुंगटा, संतोष रुंगटा, एमआईसी मेंबर ऋषभ जैन सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

- कवियों ने एक से बढ़कर एक रचनाओं की दी प्रस्तुति



## सिटी इवेंट

### गर्ल्स कॉलेज ने व्हालीबॉल का फाइनल स्वरूपानंद कॉलेज से जीता



**भिलाई।** शासकीय इंदिरा गांधी महाविद्यालय वैशालीनगर द्वारा आयोजित सेक्टर स्तरीय उच्च शिक्षा विभाग अंतरमहाविद्यालीन व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता में शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग ने फाइनल मुकाबला जीत लिया। कॉलेज ने स्वरूपानंद कॉलेज हुडको को एक रोमांचक मुकाबले में हराया। इससे पहले सेमीफाइनल मैच में वैशाली नगर महाविद्यालय को 25-20, 25-12 से परास्त कर फाइनल में प्रवेश किया। कन्या महाविद्यालय की प्रिया शिखा, राखी, दीप्ती, अनुष्का, तोमेश्वरी, नीरजरा ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। शासकीय कन्या महाविद्यालय ने फाइनल मैच में स्वामी स्वरूपानन्द महाविद्यालय हुडको को 25-16, 25-15 लगातार सेट में परास्त कर पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी विजेता होने का गौरव हासिल किया। महाविद्यालय की टीम में प्रिया शिखा (कप्तान), राखी सिंग, दीप्ति राठौर, अनुष्का निषाद, तोमेश्वरी जंघेल, नीरजरा टांडी, संतोषी, श्वेता, सुष्मिता नायक, शांति पोयम, सुबोशनी, टीम मैनेजर डॉ. ऋतु दुबे, क्रीडाधिकारी थे। डॉ. दुबे ने बताया कि उपरोक्त खिलाड़ियों का अभ्यास बीआईटी मैदान में होता था। इस टीम में शामिल 5 खिलाड़ी पिछले साल भी ईस्ट जोन विश्वविद्यालीन प्रतियोगिता में भाग ले चुके हैं। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डीसी अग्रवाल, क्रीडा समिति की संयोजिका डॉ. सुषमा यादव, डॉ. लता मेश्राम एवं महाविद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी।

- इंदिरा गांधी महाविद्यालय वैशालीनगर में हुई सेक्टर स्तरीय प्रतियोगिता

## विजयादशमी पर आयोजन

### आदित्यवाहिनी की राममंदिर में शस्त्र पूजा आज

**दुर्ग।** आदित्यवाहिनी द्वारा राम मंदिर में शस्त्र पूजा का आयोजन 12 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे किया जाएगा। आदित्य वाहिनी से नारायण शर्मा ने बताया कि सनातन धर्म के सर्वोच्च, सर्वमान्य, सार्वभौम धर्मगुरु पूरीपीठ शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती महाभाग के द्वारा संस्थापित संस्थान आदित्यवाहिनी द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है। भारतवर्ष में छात्र धर्म को पुनः प्रत्येक वैदिक आर्य हिंदू सनातनी के जीवन में हृदयंगम करने के उद्देश्य से धर्म रक्षक प्रणेता शिरोमणि रामचंद्र, कृष्ण, परशुराम, युधिष्ठिर, पुष्यमित्र शुंग, चंद्रगुप्त मौर्य, शिवाजी, महाराणा प्रताप के छात्र धर्म को परिलक्षित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। आयोजन में कान्हा दुबे, हिमांशु शुक्ला, प्रदीप साहू, सुरेन्द्र मिश्रा, राम राघव यादव, आशीष शर्मा, अभिषेक अवस्थी, मयंक शर्मा, विक्रांत तिवारी, रूपेंद्र शास्त्री, मंगेश खनगन, प्रकाश राजपूत सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। इधर शहर में राष्ट्रीय स्वयंसेवी संघ, बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद द्वारा भी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। हिन्दू युवा मंच द्वारा आगामी दिनों में शस्त्र पूजा को लेकर शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा शहीद चौक दुर्ग से निकलकर शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी।

- विजयादशमी पर वैदिक सनातनी शस्त्र पूजा आराधना महोत्सव

भक्ति में डूबी ट्विनसिटी : दुर्ग-भिलाई के देवालयों और दुर्गा पंडालों में पूरे दिन कार्यक्रम

# नौ दिन माता की आराधना के बाद पूर्णाहुति, हवन और कन्या भोज का दौर, प्रतिमाओं का विसर्जन आज

3 अक्टूबर से शुरू हुई नवरात्रि का शुक्रवार को पूजन, हवन और कन्या भोज के साथ समापन शुरू हो गया। मंदिरों में स्थापित ज्योति कलश का विसर्जन भी देर शाम शुरू हो गया। शनिवार यानी 12 अक्टूबर को विजया दशमी होने की वजह से सारे संस्कार शुक्रवार को ही संपन्न कराए गए। हालांकि प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू नहीं हुआ। दुर्गा पंडाल समितियों और मंदिरों के पुजारियों ने बताया कि 12 अक्टूबर को ही माता की प्रतिमाओं का विसर्जन होगा।गरबा, डांडिया, भजन-कीर्तन, जगराता, रामायण पाठ और जस गायन जैसे आयोजनों के बीच नवरात्र पर्व का समापन हो गया। शुक्रवार को लगभग सभी जगहों पर अष्टमी हवन और नवमी मनाई गई। मंदिरों से ज्योति कलश का विसर्जन शुरू हुआ। वहीं दुर्गा पंडालों में देर शाम तक हवन-पूजन, पूर्णाहुति और अन्य अनुष्ठान होते रहे

**दुर्ग-भिलाई।** चंडी मंदिर दुर्ग में शुक्रवार को हवन पूजना हुआ। जहां सबसे अधिक ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं। अन्य मंदिरों में भी अष्टमी पूजन का कार्यक्रम हुआ। इधर दुर्गा पंडालों में कन्या भोज का सिलसिला शुरू हो गया। अलग-अलग जगहों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। देर शाम टाउनशिप क्षेत्र के कुछ दुर्गा पंडालों में गरबा का आयोजन किया गया। साथ ही अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। ज्योतिषाचार्यों और पंडितों के मुताबिक अष्टमी और नवमी एक ही दिन मनाई गई। इस वजह से कुछ लोगों में संशय की स्थिति बनी रही। कुछ लोगों ने एक दिन पहले ही अष्टमी हवन किया। कुछ ने शुक्रवार को सारे संस्कार विधि-विधान से संपन्न कराए।



### गायत्री मंदिर में 24 हजार गायत्री मंत्र का जाप



गायत्री मंदिर में 24 हजार गायत्री मंत्र का जाप किया गया। आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक चेतना, भारतीय संस्कृति व संस्कार के प्रति लोगों में आस्था बढ़ाने, समाज में व्याप्त कुरुतियों को दूर करने, अंधविश्वास, भेदभाव, आराजकता दूर करने के संकल्प के साथ गायत्री परिवार के साधकों ने अनुष्ठान पूर्ण किया। अनुष्ठान का समापन पांच कुण्डीय गायत्री यज्ञ से हुआ। गायत्री शक्तिपीठ सेक्टर-6 के अलावा भगवती संस्थान रामनगर मुक्तिधाम, गायत्री साधना केन्द्र रिसाली, शिव गायत्री मंदिर रामनगर, खुर्सीपार, उम्दा रोड भिलाई सहित अन्य संस्थानों में आरती व शांतिपाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शांतिकुंज से पधारे रामशंकर पटेल, वासुदेव शर्मा, मोहन उमरे, अजीत सोनबोईर, श्रीमती यामनी सोनबोईर,नेमराज वर्मा, अनिल चौधरी, किरण चतुर्वेदी, मंगला भराडे, मंजू देवांगन, राजमणि दुबे, सहित गायत्री परिवार के अन्य सभी कार्यकर्ता उपस्थति रहे।

### परमेश्वरी मंदिर में विशेष पूजा, हवन और महाआरती



देवांगन समाज के लोगों ने परमेश्वरी मंदिर प्रगति नगर रिसाली में नवरात्रि के अंतिम दिन नवमी को परमेश्वरी मंदिर में प्रातः विशेष पूजा, हवन, महाआरती, कन्या पूजन, जोत-जवारा विसर्जन एवं भोग-भंडारा का आयोजन किया। समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन, सचिव विनोद देवांगन, कोषाध्यक्ष गजेन्द्र देवांगन सहित अन्य मौजूद थे। आयोजन में ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर भी शामिल हुए। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कन्या पूजन के बाद उपस्थित लोगों ने समाज की कन्याओं के सर्वांगीण विकास, मान सम्मान एवं सुरक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर 90 सेवादारों को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राजू देवांगन, सत्यपाल देवांगन, विनोद देवांगन, गजेन्द्र देवांगन, जोगेन्दर, शिवनारायण मिश्रा, विनय मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

### शीतला मंदिर में महाअष्टमी पर हवन पूजन में उमड़े भक्त

**दुर्ग।** कसारीडीह सिविल लाइन स्थित प्रसिद्ध मां सतरूपा शीतला मंदिर में शुक्रवार को महाअष्टमी पर्व मनाया गया। इस अवसर पर हवन पूजन कर पूर्णाहुति दी गई, तत्पश्चात देवी स्वरूप 21 कन्याओं को कन्या भोज करवा कर आशीर्वाद लिया गया। हवन पूजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। हवन पूजन उपरांत श्रद्धालुओं को महाप्रसादी का वितरण किया गया। ज्योति कलश विसर्जन शोभायात्रा 12 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे निकली जाएगी। महाष्टमी पर्व के दौरान मंदिर समिति के अध्यक्ष रोमनाथ साहू, सचिव प्रदीप देशमुख, उपाध्यक्ष शिवसागर सिन्हा, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र धर्माकर, चंपा साहू, पुष्पा श्रीवास, शांति शर्मा, कृष्णा देशमुख, गणेश निर्मलकर आदि मौजूद थे।

### नौ कन्याओं को कराया भोजन



सेक्टर-2 में उषा क्षीरसागर निवास में अष्टमी और नवमी पर कन्या भोज का आयोजन किया गया। इससे पहले विधि-विधान से हवन-पूजन का आयोजन हुआ। क्षीरसागर ने बताया कि लगातार 18 वर्षों से यह कार्यक्रम चल रहा है। 2 वर्ष से लेकर 10 वर्ष की नौ कन्याओं के घर में आगमन होने पर चरण को प्रणाम कर आलता नव कन्या के चरणों में लगाया गया। उन्हें प्रसाद बनाकर खिलाया गया।



लालमैदान पावर हाउस में सुभाष नवयुवक जागृति समिति द्वारा आयोजित नवरात्र उत्सव में महाष्टमी पर आचार्य बृजवासी द्वारा हवन सम्पन्न कराया गया। इसमें समिति के समस्त पूजा प्रभारियों सहित समिति के सभी सेवादार शामिल हुए। आयोजकों ने बताया कि जल्द ही माता प्रतिमा विसर्जन की तैयारी शुरू होगी।

# नौ कन्याओं को शिक्षा के लिए 10-10 हजार और दिव्यांग को दी ट्राइसिकल

**भिलाई।** शारदीय नवरात्रि की नवमी तिथि पर माता दुर्गा स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना के बाद नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। लोकांगन में पूजा करने के बाद कन्या पूजन करते हुए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने 9 कन्याओं को शिक्षा के लिए 10-10 हजार का चेक प्रदान किया। इस दौरान भैरो बाबा स्वरूप ई ट्राइसिकल लेने बिलासपुर से लोकांगन पहुंचा। उसे विधायक ने ट्राईसिकल उपलब्ध कराई। बिलासपुर मस्तूरी से यह दिव्यांग पहुंचा। राजेश सोनी के परिवार की रोजी रोटी एक छोटे से नाश्ता सेंटर से चलती है। पोलियो से ग्रसित राजेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विधायक रिकेश सेन से ट्राईसिकल की गुहार लगाई थी। राजेश के दिए फोन नंबर पर बात करने पर मालूम हुआ कि वह पिछले 4 वर्ष से शासन की योजना में ई ट्राइसिकल के लिए आवेदन करता रहा है, लेकिन उसे अब तक ई ट्राईसिकल नहीं मिल पाई थी। राजेश ने बताया कि वह आर्थिक रूप से परेशान है। ई ट्राइसिकल खरीदने अक्षम है। विधायक रिकेश सेन ने मुख्यमंत्री कन्या शिक्षा योजना के तहत सभी छात्राओं को 10-10 हजार का चेक प्रदान किया।

- वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने कन्या पूजन के दौरान दिया उपहार



# सीएससीएस क्रिकेट के फाइनल में सरगुजा की टीम 66 रनों से जीती

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 प्लेट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता फाइनल मैच सरगुजा ने 66 रन से जीत लिया। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 10 में यह मैच सरगुजा और कोरबा के मध्य खेला गया। बल्लेबाजी करते हुए सरगुजा की टीम 144 रन पर आउट हो गई। अंशराज आर्यन ने नॉट आउट 33 रन, अनंत सिंह ने 25 रन बनाए। गेंदबाजी में कोरबा के नागेश्वर भास्कर एवं अनुज शर्मा ने तीन-तीन विकेट लिए। अंश जायसवाल ने दो विकेट लिए। बल्लेबाजी करते हुए कोरबा की टीम महज 78 रन पर ढेर हो गई। क्रिश ने 18 रन बनाए। रेड्डी साकेत ने 11 रन, नागेश्वर भास्कर ने 10 रन बनाए। गेंदबाजी में सरगुजा के नवेदय गुप्ता ने 7 विकेट, अश अनै ने दो विकेट लिए। मैच के अंपायर सुनील कुमार डरसेना एवं हरप्रीत सिंह स्कोरर महेश दत्त मिश्रा थे। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि प्रोफेसर प्रमोद शंकर शर्मा उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ थे (जिन्हें भारत एवं न्यूजीलैंड के मध्य 16 अक्टूबर से बेंगलुरु में होने वाले पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में ऑब्जर्वर बनाया गया है )। इस अवसर पर तरुण सिंह परिहार, दलजीत सिंह सिधाना, परमजीत सिंह सहित अन्य मौजूद थे।



## दुर्गा मंदिर सत्ती चौरा में 9 दिनों तक माता का अलग-अलग श्रृंगार

कार्नर न्यूज



# 56 भोग लगाकर मातारानी की 108 पूजा थाल से की गई महाआरती, महाकन्या भोज आज

**दुर्ग।** श्री सत्तीचौरा मां दुर्गा मंदिर गंजपारा में क्वांर नवरात्र पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। अष्टमी पर माता को 56 भोग लगाकर 108 पूजा थाल से महाआरती की गई। सुरेश गुप्ता ने बताया कि माता को दोपहर 12 बजे 56 प्रकार के भोग का प्रसाद चढ़ाया गया, जिसमें मिष्ठान, नमकीन, फल, पंचमेवा, पूड़ी, हलवा, मालपुआ, खीर आदि का भोग चढ़ाया गया। शाम 7 बजे माता की 108 दीपों एवं 108 पूजा थाल से महाआरती की गई।



### माता का प्रतिदिन श्रृंगार किया, विधि-विधान से अनुष्ठान

रात 8 बजे हवन पूजन के साथ पूर्णाहुति शुरू हुई। मंदिर में प्रतिदिन माता का श्रृंगार किया। साथ ही हर दिन कन्या पूजन एवं कन्या भोज कराया गया। आचार्य डॉ. विक्रांत दुबे एवं आचार्य डॉ. आकाश दुबे ने अनुष्ठान संपन्न कराए। मंदिर के मुख्य पुजारी पं. सुनील पांडेय के सानिध्य में मन्दिर में सभी पूजन कार्य हो रहे हैं।

### पुरानी गंजमंडी में महाकन्या भोज की तैयारी की जा रही

समिति के नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि देश में कन्याओं को माता के रूप में पूजा जाए। इसे लेकर 12 अक्टूबर शनिवार को सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर गंजपारा दुर्ग में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्वांर नवरात्र पर्व नवमी के अवसर पर पूरे छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा महाकन्या भोज का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हजारों की संख्या में एक साथ-एक स्थान-एक समय में हजारों माताओ को भोज कराया जाएगा। 48 वर्षों से सत्तीचौरा में क्वांर नवरात्र पर्व में मां दुर्गा की 18 भुजाओं वाली माता की मूर्ति रखी जाती है। समित्ति के अर्जित शुक्ला ने बताया कि सत्तीचौरा में इस वर्ष माता की अलौकिक मूर्ति के साथ साथ चलित झांकी भी रखी गयी है जिसमें गरुड़ बसुखिनाथ का विवाद एवं शंकर विष्णु सवांद दर्शया गया है। गरुड़ द्वारा जब धरती में आकर सभी सर्पो को मारा जाता है, तब बसुखिनाथ अर्थात नंदी द्वारा गरुड़ को रोका जाता है। इस पर विवाद हो जाता है, जिसे रोकने के लिए स्वयं शंकर विष्णु जी का संवाद होता है। झांकी में प्रवेश द्वार पर 15 फिट ऊंचा राक्षस है। इसे देखने लोग पहुंच रहे हैं।

● सबसे ऊंचा 90 फीट का रावण जयंती स्टेडियम का, बैकुंठधाम में 40 और से-7 में 75 फीट का रावण

# आज जलेगा रावण का अहंकार, शाही दशहरा में रामलीला व सेक्टर-7 में काकीनाड़ा की आतिशबाजी रहेगी आकर्षण



**भिलाई-दुर्ग।** विजय दशमी पर्व पर ट्विनसिटी ने रावण दहन की तैयारी पूरी कर ली है। दुर्ग और भिलाई में 40 से ज्यादा जगहों पर रावण जलाए जाने की तैयारी है। इसमें मुख्य रूप से शाही दशहरा उत्सव समिति द्वारा 90 फीट के रावण के दहन की तैयारी की गई है। इतना ही नहीं जयंती स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रम में आकर्षक रामलीला का भी आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा युवा खेल एवं सांस्कृतिक मंडल द्वारा सेक्टर-7 में रावण दहन किया जाएगा। यहां 75 फीट के रावन का दहन किया जाएगा। दुर्ग में मुख्य कार्यक्रम पं. रविशंकर शुक्ल स्टेडियम में आयोजित होगा, जहां 40 फीट के रावण का दहना किया जाएगा। इसके अलावा बैकुंठधाम में 40 फीट, शांति नगर में 50 फीट, नेहरूनगर में 60 फीट के रावण का दहन होगा। अन्य जगहों पर रिसाली मैदान, भिलाई-तीन मैदान, पावर हाउस, मिनी स्टेडियम पद्मनाभपुर दुर्ग, बैगापारा, पंचशील नगर, जवाहर नगर मैदान में विजया दशमी का पर्व मनाया जाएगा।



शाही दशहरा का 13वां वर्ष

### अल्का चंद्राकर पेश करेंगी भजनों ने श्रृंखला

शाही दशहरा का आयोजन 12 अक्टूबर की शाम 6 बजे से भिलाई होटल के सामने जयंती स्टेडियम के समीप आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की मशहूर गायिका अल्का चंद्राकर भजनों की श्रृंखला पेश करेंगी। इसके अलावा राम का शाही रथ यात्रा हनुमान और रावण सहित नगर भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेगा। इसके अलावा 4 घंटे की भव्य आतिशबाजी होगी। 90 फीट के रावण, 45 फीट के मेघनाथ, 40 फीट के कुंभकरण के पुतलों का दहन होगा। नव दुर्गा की जीवित चलित झांकी पेश की जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन संरक्षक चारूलता पाण्डे के नेतृत्व में किया जा रहा है।

### दुर्ग में चार जगहों पर रावण दहन



**दुर्ग।** दुर्ग में चार जगहों पर रावण दहन का कार्यक्रम होगा। इसमें रविशंकर स्टेडियम में मुख्य कार्यक्रम होगा। समिति के सरंक्षक अरुण वोरा ने बताया कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व राज्यपाल मोतीलाल वोरा, डॉ. जगदीश चंद्र मिश्रा ने सन 1964 से विजयादशमी के दिन रावण दहन के कार्यक्रम की शुरुआत की थी। यह आयोजन का 60 वां वर्ष है। रावण दहन के लिए राम लक्ष्मण की शोभायात्रा तमेरपारा से रविशंकर स्टेडियम के लिए निकलेगी। शाम 7 बजे रावण दहन होगा। इसके अलावा पद्मनाभपुर मिनी स्टेडियम, बैगापारा मिनी स्टेडियम और जवाहर नगर मैदान में रावण दहन का आयोजन किया जाएगा।

### सेक्टर-7 में गायिका लक्ष्मी दुबे देंगी प्रस्तुति, सांसद होंगे मुख्य अतिथि



युवा खेल एवं सांस्कृतिक मंडल द्वारा सेक्टर-7 में विजया दशमी का पर्व मनाया जाएगा। 75 फ्रीट ऊंचे रावण के पुतले एवं 50 फ्रीट ऊंचे कुंभकर्ण एवं मेघनाथ के पुतले का दहन किया जाएगा। आन्ध्रप्रदेश काकीनाड़ा की आतिशबाजी एवं आईपीएल स्तर की आकाशीय आतिशबाजी मुख्य आकर्षण रहेगा। कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल और विधानसभा के पूर्व स्पीकर प्रेम प्रकाश पांडेय मुख्य अतिथि होंगे। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, नवीन केडिया विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। वहीं भजन गायिका लक्ष्मी दुबे प्रस्तुति देंगी। शाम 7 बजे कार्यक्रम शुरू होगा। समिति के अध्यक्ष चन्ना केशवलू ने यह जानकारी दी।

### दशहरा मैदान रिसाली की रामलीला



आदर्श सांस्कृतिक व क्रीड़ा मंडल द्वारा दशहरा मैदान रिसाली सेक्टर में 12 अक्टूबर को दशहरा उत्सब का आयोजन किया जाएगा। इसमें शाम 5 बजे से लोकरंग की रंगारंग प्रस्तुति होगी। मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे। शाम 5 बजे लोकरंग अर्जुन्दा की प्रस्तुति होगी। इसके बाद रामलीला, भब्य आतिशबाजी के बाद रावण, मेघनाथ, कुंभकर्ण के पुतले का दहन होगा। विशेष रूप से सांसद विजय बघेल, ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर और पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर सहित अन्य मौजूद रहेंगे।

### नेहरू नगर में रावण दहन आज, आतिशबाजी भी होगी

**भिलाई।** नेहरू नगर वेलफेयर एण्ड दशहरा एसोसिएशन द्वारा निरंतर 18वें वर्ष नेहरू नगर दशहरा मैदान में विजयादशमी पर्व का आयोजन किया गया है। 12 अक्टूबर को शाम 7 बजे आतिशबाजी के साथ रावण दहन होगा। वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल शुक्ला एवं महासचिव मनीष सोनी ने बताया कि कार्यक्रम में पचास फीट ऊंचे रावण के पुतले के साथ साथ मेघनाथ एवं कुंभकर्ण के पुतले का दहन किया जायेगा। कार्यक्रम में ऑर्केस्ट्रा तथा रंगबिरंगी आतिशबाजी को शामिल किया गया है। आयोजित कार्यक्रम में दशहरा समिति के उपाध्यक्ष एसएन मोदी, बसंत चौबे, कोषाध्यक्ष नरेश डोरा, सहसचिव शैलेंद्र ताम्रकार, प्रदीप सूर्यवंशी, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. आलोक मिश्रा, मनोज गुप्ता, मनु शर्मा, उमेश सिंह, दीपक गांधी एवं बसंत साहू प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे।

### बैकुंठधाम में 40 फीट का रावण



बैकुंठधाम कैम्प-2 में 12 अक्टूबर की शाम करीब 7.45 बजे रावण दहन किया जाएगा। आयोजन में विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे मुख्य अतिथि होंगे। आयोजन में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, शिक्षाविद आईपी मिश्रा प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। भिलाई निगम के पूर्व सभापति और पूर्व पार्षद रिंकू राजेश प्रसाद ने बताया कि आयोजन में भव्य आतिशबाजी के बीच रावणदहन होगा।

## सिटी इवेंट

### शीतला मंदिर का कायाकल्प रायपुर पावर ने किया सहयोग




**भिलाई।** शीतला मंदिर रसमड़ा का कायाकल्प किया जाएगा। इसका पुनर्निर्माण रायपुर पावर के सहयोग से किया जा रहा है। नवरात्र में इस कार्य का भूमिपूजन किया जाएगा। रसमड़ा स्थित रायपुर पावर इंडस्ट्री लिमिटेड द्वारा शीतला मंदिर के पुनर्निर्माण और जीर्णोद्धार के लिए आर्थिक स्वीकृति दी। इसके बाद नवरात्र में महापंचमी पर भूमिपूजन किया गया। ग्रामीणों ने कई बार उद्योगों से मांग की थी कि ग्राम विकास में सहयोग दें। ऐसी विकट स्थिति में गांव के जनप्रतिनिधियों द्वारा सामंजस्य बनाकर गांव के बहूप्रतीक्षित मांग को पूर्ण कराया गया। इस मौके पर जिला पंचायत सभापति लक्ष्मी साहू, जनपद सदस्य अजय वैष्णव एवं ग्राम सरपंच ममता साहू, ग्रामीण अध्यक्ष नंदू निर्मलकर, भाजयुमो नेता चेतन साहू, पूर्व सरपंच रामखेलावन यादव पांच मीना बाई यादव विशाखा भाई साहू सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। रायपुर पावर इंडस्ट्री की ओर से मनोज गुप्ता, राधेश्याम पांडे और जय बालाजी इंडस्ट्री की तरफ से आनंद तिवारी व टॉपवर्थ स्टील से कमलेश पवार उपस्थित थे।

■ नवरात्र पर कार्यों का हुआ भूमिपूजन, जल्द होगा निर्माण कार्य पूरा

## सिटी लाइव

### आजादी में जनजातीय गौरव का योगदान विषय पर हुई निबंध स्पर्धा



**दुर्ग।** शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 22 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जनजातीय समाज की महान विभूतियों, उनकी संस्कृति और धरोहर पर निबंध लिखे गए। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में जनजातीय समाज के प्रति जागरुकता और सम्मान को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का संचालन संस्था के प्राचार्य प्रकाश कुमार पांडे के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम प्रभारी डॉ. राखी जंघेल, गुलशन कुमार ठाकुर, समन्वयक कुंदन साहू, विनय कुमार मिश्रा ने अहम भूमिका निभाई। उत्कृष्ट प्रतिभागियों को आगामी दिनों में प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा।

■ शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में हुआ आयोजन 22 प्रतिभागियों ने लिया

## एजुकेशन लाइव

### हेमचंद विवि के बीए, बीकॉम और बीसीए पूरक परीक्षा परिणाम घोषित




**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय इस साल का पूरक परीक्षा परिणाम जारी कर दिए गए हैं। यूनिवर्सिटी ने अपने वेबसाइट पर इसकी सूची जारी भी कर दी है। इसके अलावा यूनिवर्सिटी कैम्पस में भी परीक्षार्थियों की सूची चस्पा की गई है। इसमें बीसीए भाग-1 में 204 परीक्षार्थी शामिल हुए, इसमें 147 उत्तीर्ण हुए, 53 को दोबारा पूरक मिला। वहीं 2 छात्रों के परिणाम रोके गए हैं। इसी प्रकार बीकॉम भाग 3 में 368 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, इसमें 246 पास हुए। 112 को दोबारा पूरक आया, 10 के परिणाम रोके गए हैं। इसी प्रकार बीसीए भाग 2 में 156 स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी। 84 पास हुए, 71 को सप्ली आई। एक छात्र का परिणाम रोका गया है। वहीं बीएससी बीएड भाग तीन, बीएबीएड भाग-3 और 4 में एक-एक परीक्षाथी शामिल हुए, ये सभी उत्तीर्ण हुए। बता दें कि पूरक परीक्षाओं के परिणाम लगातार जारी किए जा रहे हैं। इसे यूनिवर्सिटी की वेबसाइड पर अपलोड भी किया जा रहा है। पिछले दिनों बीसीए भाग तीन के परिणाम जारी किए गए थे। इसमें 53 परीक्षार्थी शामिल हुए। 49 उत्तीर्ण रहे, वहीं 4 को दोबारा सप्ली आई है। इस साल एक विषय में ही पूरक दी गई थी। जिसकी वजह से पूरक परीक्षार्थियों की संख्या पिछली बार से कम रही है। पिछली प्रदेश सरकार ने विशेष आदेश के तहत विद्यार्थियों को दो विषय में पूरक देने के आदेश दिए थे। इसलिए दो विषयों में विद्यार्थी पूरक परीक्षा में शामिल हुए थे।

■ यूनिवर्सिटी कैम्पस में परिणाम देख सकेंगे छात्र, सूची चस्पा

### संत रामपाल का एक दिवसीय सत्संग कल

**दुर्ग।** तत्वदर्शी संत रामपाल के सानिध्य में एक विशाल सत्संग का आयोजन 13 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से किया जा रहा है। आयोजन सतनामी भवन कसारीडीह में होगा। इस सत्संग के माध्यम से संत रामपाल द्वारा धार्मिक सत ग्रंथों के आधार पर साधना से अवगत कराया जाता है। आयोजकों ने बताया कि सत्य साधना और सद् मंत्रों के अभाव में मनुष्य को बुराइयां त्यागना बहुत ही दुष्कर प्रतीत होता है। जब मनुष्य पूर्ण गुरु की शरण में जाकर सत साधना के मंत्रों की भक्ति करता है, तो उसमें सामाजिक बुराइयों और नशा इत्यादि के खिलाफ लड़ने की क्षमता बहुत अधिक प्रबल हो जाती है। संत रामपाल से नाम दीक्षा ग्रहण करके लाखों लोग सामाजिक कुप्रथाओं व बुराइयों जैसे छुआ छूत, तेरहवीं, मृत्यु भोज, नशा, दहेज, कन्या भ्रूण हत्या आदि को जड़ से मिटाने प्रयास कर रहे हैं। इस आध्यात्मिक सत्संग में दुर्ग, भिलाई सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग शामिल होंगे।

## गरबा की धूम...

### सेक्टर 1 गार्डन में गरबा, बेस्ट डांसर और वेशभूषा धरने वाले सम्मानित



**भिलाई।** सेक्टर-1 महिला समिति द्वारा गार्डन में एक दिवसीय रास गरबा का आयोजन किया गया। नवरात्रि पर्व पर आयोजित इस गरबा के आयोजन में वार्ड की महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं। इस अवसर पर बेस डांसर, बेस्ट वेशभूषा वाली महिला सम्मानित की गईं। कार्यक्रम में कुछ महिलाओं ने पारंपरिक तो कुछ ने अलग-अलग गरबा वेशभूषा में पूजा के उपरांत देर रात तक मां दुर्गा के गुजरात के लोकप्रिय गानों में डांडिया गरबा का आनंद लिया। इसे लेकर महिलाओं में खा सा उत्साह रहा। आयोजन में पूर्व पार्षद गीता दुबे, संगीता नायडू, माया पांडेय, संध्या राहुल, शीला पांडेय, रीना पिल्ले, धनलक्ष्मी, गीता पांडेय, पुष्पा पांडे, सैनी कृष्ण गुप्ता, सुनीता, नीता गोयल, मंजू शर्मा, अनिता किरण राय सहित अन्य मौजूद थे।



■ एक दिवसीय रास गरबा का आयोजन, जीते पुरस्कार

## हिन्दी प्रश्नोत्तरी का भी किया आयोजन

### धनोरा में माता का जगराता देर रात तक झूमते रहे भक्त



भिलाई। धनोरा में मेक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा गोल्डन चौक में माता जगराता का आयोजन किया गया। समिति द्वारा पिछले 26 वर्षों से माता की प्रतिमा स्थापित की जा रही है।

माता के जगराता में छगन लाल नागवंशी एवं मुकेश ठाकुर के सौजन्य से छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक संस्था–झेंझरी महल, टेकापार (बालोद) घेवर चंद यादव, छमता साहू, नेम सिंह यादव एवं साथियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। समिति के अध्यक्ष–नकुल साहू, भोज कुमार साहू, नील कंठ साहू, किशुन लाल ठाकुर, चंद्रिका ठाकुर, मीना नागवंशी, आराधना नागवंशी, हिमांशु नागवंशी, पुरानिक राम उइके ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन छगन लाल नागवंशी ने किया। इस अवसर पर मातारानी के जस गीत का गायन किया गया। इस अवसर पर गांव के स्टूडेंट्स के लिए हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें प्रथम–झरना वर्मा, द्वितीय–बसंत कुमार वर्मा और तृतीय स्थान आरती देवांगन ने प्राप्त किया। उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

### रामखिलावन बने श्रम विभाग में दुर्ग ब्लॉक के सदस्य



**भिलाई।** रसमड़ा के पूर्व सरपंच एवं पूर्व भाजपा उपाध्यक्ष रामखिलावन यादव को छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग में बंधक श्रम सतर्कता निगरानी समिति दुर्ग ब्लॉक के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। नियुक्ति ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की सहमति एवं जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा एवं मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू के अनुमोदन से प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने किया। यादव ने बताया कि दुर्ग ब्लॉक के बोरई रसमड़ा औद्योगिक संस्थानों में सेवा दे रहे श्रमिकों को समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का पालन नहीं किया जा रहा है और श्रमिकों को उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। यादव ने कहा कि श्रमिकों को अकुशल श्रेणी का पारिश्रमिक दिया जाता है, जबकि वे कुशल और अति कुशल श्रेणी के कार्य करते हैं।

## महिला महाविद्यालय में लायंस क्लब दुर्ग सिटी की कार्यशाला

# हर पैरेंट्स को बच्चों में पॉजीटिव थॉट्स, आत्मविश्वास, धैर्य गुस्से पर नियंत्रण के गुण विकसित करना चाहिए : डॉ. दानी

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** सेवा परमोधर्म की भावना के साथ लायंस क्लब दुर्ग सिटी सेवा सप्ताह के पांचवें दिन महिला महाविद्यालय भिलाई में सफल अभिभावक कैसे बनें, इस पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अजय दानी ने बच्चों की परवरिश के संबंध में जानकारी दी। डॉ. अजय दानी ने कहा कि सफल अभिभावक बनने के लिए सबसे पहले तो पति-पत्नी में सामंजस्य होना जरूरी है। माता-पिता के झगड़े का असर बच्चों के मानसिक विकास पर पड़ता है। हर पैरेंट्स को अपने बच्चों के अंदर सकारात्मक सोच, जज्बा, स्वाभिमान, विपरीत परिस्थितियों में स्थिर बुद्धि, चतुराई एवं दूरदृष्टि, मजबूत एवं गहरे संस्कार, आत्मविश्वास, धैर्य एवं लगन, गुस्से पर नियंत्रण, लचीलापन और ईमानदारी जैसे गुण विकसित करना चाहिए। अध्यक्ष लायन सुमन पांडे ने स्वागत भाषण दिया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।




### सकरात्मक सोच से मिलती है आगे बढ़ने की प्रेरणा, यह जरूरी

कार्यक्रम की शुरुआत मेल्विन जॉन्स के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर की गई। ध्वज वंदना का पठन महमूद हिरानी ने किया। रश्मि अग्रवाल ने डॉ. अजय दानी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि निश्चित ही डॉ. दानी के व्याख्यान से मेंबर्स को लाभ होगा, उन्होंने कॉलेज की प्रिंसीपल संध्या मदन हर पैरेंट्स को अपने बच्चों के अंदर सकारात्मक सोच, जज्बा, स्वाभिमान, विपरीत परिस्थितियों में स्थिर बुद्धि, चतुराई एवम दूरदृष्टि, मजबूत एवं गहरे संस्कार, आत्मविश्वास, धैर्य एवम लगन, गुस्से पर नियंत्रण, लचीलापन और ईमानदारी जैसे गुण विकसित करना चाहिए।

### सेवा सप्ताह में किए जा रहे कामों की दी जानकारी, आगे भी जारी रहेगी मुहिम

इस अवसर पर मोहन, वाइस प्रिंसीपल निशा शुक्ला, भारती वर्मा ने लायंस सदस्यों का आभार व्यक्त किया। सेवा सप्ताह संयोजक हरमीत सिंह भाटिया ने सेवा सप्ताह में किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी। मंच संचालन अमर सिंह गुप्ता ने किया। स्टूडेंट्स से ज्ञान वर्धक सवाल पूछे। सवालों के सही जवाब देने वाले छात्रों को अध्यक्ष सुमन पांडे ने सम्मानित किया।कार्यक्रम प्रभारी लायन अंजू अरोरा थीं। इस अवसर पर एसपीएस दुलई, सतीष चंद सुराना, विनोद परमार, अनिता तिवारी, अनिल अरोरा, महमूद हिरानी, कॉलेज के टीचर्स, स्टूडेंट्स सहित 150 लोग उपस्थित थे। कॉलेज की प्रिंसिपल संध्या मदन मोहन ने लायन सदस्यों का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि सेवा एक असीमित शब्द है। इसे सीमाओं में बांधना असंभव है। लायन मेंबर हर समय सेवा में लीन रहते है। उन्होंने शानदार कार्यक्रम के लिए लायन सदस्यों का आभार व्यक्त किया। लायंस क्लब के सदस्यों ने बताया कि सेवा सप्ताह के अंतर्गत सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं। अलग-अलग जगहों पर पहुंचकर जरूरतमंदों की मदद की जा रही है। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण कर उन्हें सहेजने की दिशा में भी काम किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### पुलिस के हत्थे चढ़े सटोरिए

**धमधा।** धमधा पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर लंबे समय से सट्टा खेलाने वाले सटोरियों पर कार्यवाही करने के लिए थाना प्रभारी पीडी चन्द्रा के नेतृत्व में टीम बनाकर रेड कार्यवाही करते हुए सट्टा पट्टी लिखने वाले 2 आरोपी जिसमे से 1 आरोपी सूरज सोनी पिता स्व. भुखन सोनी साकिन बेरला पुलिस को देखकर भाग गया वही 1 सटोरिया संदीप राय पिता लच्छन राय उम्र 35 वर्ष साकिन दरगांव को पकड़कर 6 जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही की है। वही आरोपी खाईवाल सूरज सोनी की तलाश की तलाश धमधा पुलिस कर रही है। पकड़े गए आरोपी को प्रकरण अजमानतीय होने के कारण न्यायालयिन रिमांड में भेजा गया। आरोपी के कब्जे से सट्टा पट्टी नगद 840 रुपये, 1 नग डाट पेन के साथ 1 नग टच स्कीन मोबाइल जब्त किया गया।

### उतई में दशहरा आज

**उतई।** नगर के मवेशी बाजार स्थित दशहरा मैदान में 12 अक्टूबर को शाम 6 बजे मनाया जाएगा भव्य दशहरा पर्व, नगर उत्सव समिति अध्यक्ष पार्षद राकेश साहू ने बताया कि इस वर्ष भी 25 फिट का रावण बनाया गया है, वहीं भव्य आतिशबाजी के साथ रावण दहन किया जाएगा। दशहरा उत्सव को लेकर नगर पंचायत उतई के सभागार में रूपरेखा तैयार किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष डीकेंद्र हिरवानी, प्रहलाद वर्मा,राकेश साहू आदि थे।

## निधन

### शिप्रा भौमिक



**भिलाई।** गीत वितान कला केंद्र की डायरेक्टर और रविंद्र संगीत गायिका शिप्रा भौमिक का शुक्रवार को निधन हो गया। उनके निवास स्थल गीत वितान भवन में उनकी पार्थिव देह को अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार को दोपहर 2 बजे उनके निवास स्थल से निकलेगी तथा रिसाली मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा। कलाकारों ने उनके निधन पर श्रद्धांजलि दी है।

## सिरसिदा में आज आदर्श राम लीला मंडली व ग्रामवासी मनाएंगे दशहरा

# जमीन या आसमान में नहीं बल्कि सिरसिदा तालाब में तैरते हुए रावण का होता है दहन

संजय साहू ▸▸| अंडा

राक्षसों के जमीन अथवा आसमान में नहीं मरने जैसे चतुराई वाले वरदानो के किस्से तो जरूर सुने होंगे पर अपने यहाँ सिरसिदा में इसे देखा भी जा सकता है। अंडा से 7 किलोमीटर सिरसिदा में दशहरा पर जमीन अथवा आसमान में नही बल्कि तालाब के बीचोबीच तैरते हुए रावण का दहन किया जाता है। रावण दहन के दौरान तलाब के बीच आकर्षक अतिशबाजी भी होती है तब गांव के कुछ लोगों का अलग करने का जूनून और अब तालाब के बीच रावण दहन की परम्परा आगे बढ़ रही है।

सिरसिदा के समिति के सदस्यगण खेमन ,अक्षय, प्रहलाद, लवण, रामगोपाल, चंद्र प्रकाश, ढालसिंह, टोमेन्द्र, डोगेन्द्र, बालगोविंद, तोरण गिरधर, प्रेमलाल, धर्मराज, खिल्लु, गुलाब, कोमेंद्र, रितेश, जितेश्वर, तानु पटेल, धन्ना, गौरव, यशवंत, चंदन, आशीष, तुलेश्वर, रामकृष्ण, मिलन, दीपक, खिलेद्र, छन्नु, किशन, भगत, बिष्णु, ओंकार, निर्घत, राजा, खोमलाल, ईशु, राज, बिरेन्द्र ने बताया कि कुछ अलग करने की जूनून में वर्ष 1994 में पहली बार तालाब के बीच रावण का पुतला खड़ा कर जलाया गया। वहीं बताया गया कि शुरुआत के कुछ सालों को छोड़कर हर बार 35 से 40 फिट का पुतला जलाया जा रहा हैं। वहीं शुरुआत में प्रेमलाल चंद्राकर, पूर्व सरपंच खेमन चन्द्राकर, बाल गोविंद साहू, तुलेश्वर पटेल और स्वास्थ्य कर्मचारी जीआर शर्मा ने साइकिल के ट्यूब पर पानी के भीतर वजन लटका कर 10 फिट के खंभे को बैलेंस करने का जुगाड़ किया था फिर ट्रैक्टर के ट्यूब के सहारे रावण का पुतला खड़ा किया।

### 27 सालों से जल रहा 40 फीट रावण का पुतला



रावण दहन के पहले तालाब किनारे रामलीला का मंचन होता है इसके लिए 12 पिलर पर मंच तैयार किया जाता है। मंजिल से भगवान राम की भूमिका निभा रहे पात्र बारूद के राकेट से रावण के पुतले की नाभि को भेदते हैं नाभि में पेट्रोल भरा होता हैं।


वहीं प्रेमलाल ठाकुर ने बताया कि 27 साल में दो बार विपरीत मौसम व बारिश के कारण रावण का पुतला बारूद के राइट के सहारे जलाया जा सका वर्ष 2002 व 2014 में ऐसी स्थिति बनी तो तालाब में उतार कर मसालों के सहारे पुतला दहन किया गया। तालाब में पुतला खड़ा करने में कभी भी परेशानी नहीं हुई है। चन्द्र प्रकाश साहू ने बताया कि 12 अक्टूबर को आदर्श राम लीला मंडली सिरसिदा के तालाब के बीचो बीच 40 फीट रावण दहन। दशहरा के दिन रात्रि में राम लीला रावण दहन के पश्चात 10 बजे रात्रि में नाचा पार्टी कवर्धा कबीरधाम वाले का कार्यक्रम रखा गया हैं।

### भटगांव में रामलीला के बाद होगा रावण दहन

**भिलाई।** ग्राम भटगांव (जेवरा-सिरसा) में शाम 7 बजे रामलीला होगी। पश्चात रात 10 बजे रावण दहन होगा। संरक्षक दाऊ कुलेश्वर प्रसाद गौतम, कृष्ण मुरारी देशमुख, रामकुमार वैष्णव, संयोजक साहेबदास मानिक, डाकेश्वर वैष्णव, त्रिपुरारी वैष्णव, जयराम साहू, भेखलाल साहू, ओंकार गौतम और गंगाराम देशमुख के मार्गदर्शन में साठ के दशक से शुरू रामलीला मंचन की सांस्कृतिक विरासत को पुरखों की थाती समझ भटगांव की युवा पीढ़ी आज भी संजोए रखी है। नवोदित कलाकार अंगद- रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति बाण, कुंभकर्ण जागरण और अंत में राम-रावण युद्ध का मंचन करेंगे।

**सिरसा खुर्द में किकिरमेटा वालो का कार्यक्रमः** भिलाई- ग्राम सिरसाखुर्द में दशहरा का पर्व हर्षोल्लस से मनाया जाएगा। साजर राउत देवालय प्रांगण में रामलीला का मंचन पश्चात रावण दहन होगा। ग्राम सरपंच संतोष कुमार निषाद ने बताया कि इस अवसर पर रात्रि में किकिरमेटा वालों का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

## दुर्गोत्सव की धूम



सेलूद। बाबाकुटी सेलूद में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा



सेलूद। जवाहर चौक सेलूद में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा



अंडा। सार्वजनिक दशहरा एवं दुर्गा उत्सव समिति अंडा गुरूवार बाजार चौक।



सेलूद। भाठापारा सेलूद में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा



अंडा। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति अंडा गाधीं नगर।



अंडा। सार्वजनिक सरस्वती उत्सव समिति अंडा ईतवारी बाजार चौक।



अंडा। दीप किरण दुर्गा उत्सव समिति अंडा आबादी पारा।



अंडा। नवरत्न दुर्गा उत्सव समिति अंडा मिलपारा।

## कुम्हारी के महामाया व शीतला मंदिर में किया हवन पूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुम्हारी



कुम्हारी स्थित मां महामाया मंदिर में शारदीय नवरात्र के अष्टमी तिथि पर सुबह 9 बजे हवन पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर बड़ी संख्या में भक्तों ने हवन में शामिल होकर पूर्णहुति दी। वहीं देर शाम विभिन्न दुर्गा पंडालों में भी समितियों द्वारा हवन पूजन किया गया। बता दे कि इस बार महामाया मंदिर में आस्था के 2528 जोत प्रज्वलित किये गए थे। मंदिर के पुजारी तेजराम देवांगन ने बताया कि मां महामाया दरबार में चैत्र नवरात्र व शारदीय नवरात्र के अवसर पर अखंड ज्योति प्रज्वल्लित कराया जाता है। बड़ी संख्या में लोगों की आस्था का केंद्र मां महामाया देवी सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करती है। इसलिए प्रत्येक नवरात्र में लोग दूर-दूर से माता के दर्शन के लिए आते है। यहीं नही प्रतिदिन ग्रामीण अंचल के रहवासियों का मां के दर्शन के लिए तांता लगा रहता है। शुक्रवार को महाष्टमी तिथि पर मां महामाया मंदिर एवं शीतला मंदिर में हवन-पूजन कार्यक्रम किया गया। हवन का कार्यक्रम शुभ मुहूर्त पर प्रारंभ किया गया। ज्ञात हो कि नवरात्र में अष्टमी तिथि का विशेष महत्व होता है नौ दिनों तक उपवास रखने वाली व्रती विशेष रूप से अष्टमी के हवन में शामिल होते हैं ऐसा मानना है कि इससे व्रतियों के व्रत पूर्ण होते हैं। हवन में स्थानीय लोगों के अलावा आसपास के ग्रामीण भी उपस्थित हुए महाष्टमी के अवसर पर मंदिर परिसर में दर्जनों समितियों और सामाजिक संस्थाओं द्वारा भोग का वितरण किया गया ।

## बाबा धाम धनोरा में भक्तों का लगा तांता

**उतई।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में सोमवार को पंचमी पर्व बड़े धूम-धाम के साथ मनाया गया। संध्या कालीन आरती के बाद कलश चढ़ा कर माता रानी का श्रृंगार किया गया। दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि नंद पंडा, भोलू साहू, मनोज पटेल के द्वारा पंचमी की रस्म पूरी विधि विधान के साथ किया गया। साथ ही पंचमी के दिन सुबह से ही दरबार में भक्तों का तांता लगा रहा खीर पुड़ी चुनरी हार फुल लेकर दरबार पहुंच कर माता रानी की पूजा करते रहे। इस दरबार में भक्तों के द्वारा 186 मनोकामनाएं ज्योति प्रज्वलित किया गया है। दरबार में विदेश कनाडा, महाराष्ट्र ,बलिया ,उत्तरप्रदेश, एमपी ,उड़ीसा, अमेरिका एवं हर जिले के भक्तों द्वारा मनोकामना पूर्ण होने पर ज्योति प्रज्वलित किया गया है ।लक्ष्मण बाबा ने बताया कि 10 ता गुरुवार को महाअष्टमी हवन शाम 4 बजे से एवं ज्योति विसजर्न शोभा यात्रा 11 ता शुक्रवार को शाम 4 बजे से रखा गया है अतः सभी भक्तों से अपील की गई है कि समय का विषेश ध्यान रखे।



## माँ दुर्गा के दर्शन करने पहुंचे पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज



**उतई।** ग्राम डुंडेरा में दुर्गा अष्ठमी के अवसर पर विभिन्न दुर्गा उत्सव समिति द्वारा शंकर नगर व पुराना बाजार चौक में विराजित माँ दुर्गा के पंडाल में प्रदेश पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू पहुँच कर माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना किये एवं सभी ग्रामवासियों को नवरात्रि व दशहरा पर्व की बधाई दी। साथ में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री जितेंद्र साहू, नगर निगम रिसाली के पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे शामिल हुए। इस दौरान समिति के सदस्य सुरेश साहू, पिंटू वर्मा, रमेश साहू, टोमन साहू व लोमन सोनी, ईश्वर साहू, मोनू तिवारी, छंगा लाल साहू, होमेन्द्र साहू, किशन देवांगन, कीर्तन कोसरे, चुनुराम, श्रीराम साहू, टीकाराम बंजारे, अमोली राम, तोषण कुर्रे, रोहित धीवर, बहादुर साहू सहित समिति के सदस्य व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

# केएस मिनी कंबाइन मशीन की डिलेवरी




**भिलाई।** दुर्गा अष्टमी जो कि नवरात्रि का सबसे महत्वपूर्ण दिवस कहलाता है। इस दिन देवी दुर्गा की पूजा आराधना करने से घर परिवार में सुख-समृद्धि एवं ऐश्वर्य की प्राप्ती होती है। ऐसे शुभ दिवस पर आमटी अंडा के कृषक देवेंद्र कुमार साहू ने अपने परिवार के कुशल संचालन के लिए बहुफसलीय सेल्फप्रपोल्ड 4 वील ड्राइव मिनी कम्बाइन मशीन पनेसर जी 60 की खरीददारी की। यूं तो मिनी सेल्फ प्रपोल्ड कम्बाईंन बनाने वाली देश में अनेकों कंपनिया है, लेकिन पनेसर एग्रोटेक औद्योगिकी में जगजीत सिंग द्वारा रचित कम्बाइन की खरीददारी करने के लिए देश के कृषक लयबद्ध अपनी बारी आने के इंतजार में तत्पर रहते हैं। इसी कड़ी में मुख्य अतिथि केसरी एग्रो इंडस्ट्रीज के संचालक सुभाष चंद्राकर एवं जयप्रकाश चंद्राकर के मंगल हाथों से मशीन की चाबी ग्रहण करते हुए आमटी अंडा के कृषकगण कृतज्ञ महसूस करते रहे ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे कि मानो सावन का मेला लगा हो। इस शुभ अवसर पर आमटी के कृषकगण देवेन्द्र कुमार साहू, दुर्गा साहू, पुकेश्वर साहू, राजेंद्र साहू, उमा साहू, पंचराम, श्याम बाई, गोलू साहू, लोकेश कुंभकार एवं कमला मोटर्स के सेल्स प्रमोटर सत्य श्री लक्ष्मीनारायण चंद्राकर, मैनेजर खेमचंद गुप्ता, मिलिंद बागड़े, बरमेचा एलिवेटर से निरीक्षक अजय चौधरी कनिष्ठ अभियंता अमर यादव आदि उपस्थित थे। मिनी कम्बाइन पनेसर जी 60 जब लहराती फसलों के खेतों में इठलाती हुई करवटें बदलती हुई 180 डिग्री में घूमती है तो अनायास ही कृषकों के होठों में एक मीठी मुस्कान लाने हेतु मजबुर कर देती हैं।

# नरेश टीवीएस में ऑफरों की बौछार




**भिलाई।** रिसाली कृष्णा टॉकीज रोड में स्थित नरेश टीवीएस जो कि टीवीएस कंपनी का एकमात्र अधिकृत विक्रेता है। यहां दशहरा , दिपावली के त्योहारी सीजन पर उपहारों एवं ऑफर की धूम मची हुई है जिसे लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। नरेश टीवीएस के संचालक हिमांशु ने बताया कि हमारे यहां घूमो दुनिया ऑफर के तहत लक्की ड्रा के द्वारा इंटरनेशनल टूर जिसमें बाली, वियतनाम, कंबोडिया जैसे विदेशों की यात्रा निःशुल्क कराने की व्यवस्था है। इसके अलावा हर खरीदी पर निश्चित उपहार प्राप्त करने का ऑफर दिया जा रहा है। जिसमें स्क्रेच करने पर 6 हजार मूल्य तक के गिफ्ट पाने का सुनहरा अवसर ग्राहकों को दिया जा रहा है। कोई भी वाहन खरीदने पर हेलमेट फ्री दिया जा रहा है और एक्सटेंडेड इलेक्ट्रीकल वारंटी एक साल का अतिरिक्त दिया जा रहा है। नरेश टीवीएस में सर्विसिंग की सुविधा उपलब्ध है। यहां नई टीवीएस जूपिटर 110, टीवीएस एनटार्क, राइडर स्पोर्टस, अपाचे, टीवीएस एक्सल 100, इलेक्ट्रीक आइक्यूब आसान किस्तों पर कम डाउन पेमेंट पर बैंक द्वारा फाइनेंस करने की सुविधा उपलब्ध है। ग्राहकों से अपील की गई है कि एक बार नरेश टीवीएस में आकर अवश्य देखें।

## अवैध गांजा बेचने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**धमधा।** पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेंद्र शुक्ला के निर्देश पर अवैध गांजा एवं सट्टा खेलाने वाले के खिलाफ धमधा पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है। इसी कड़ी आज धमधा पुलिस को मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी पी डी चन्द्रा के नेतृत्व में टीम बनाकर राहटादाह नर्सरी के पास आरोपी सूरज साहू पिता शिव साहू 32 वर्ष साकिन खर्रा थाना बेरला अवैध लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से अवैध गांजा अपने मो साईकल पल्सर क्रमांक सीजी 25 3641 में परिवहन करते पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 3 किलो 700 ग्राम कीमत 37000 रुपये एवं पल्सर मोटर साइकिल जुमला 87000 रुपये को जब्त की गई। आरोपी के खिलाफ 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## कुम्हारी के दशहरा महोत्सव में पूर्व सीएम भूपेश होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुम्हारी



प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विजय दसमीं के अवसर पर आज सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति कुम्हारी द्वारा शाम 5 बजे भव्य दशहरा महोत्सव एवं रावण दहन का आयोजन महामाया मंदिर परिसर में संम्पन्न होने जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल होंगे वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कुम्हारी पालिकाध्यक्ष राजेश्वर सोनकर करेंगे । विशेष अतिथि प्रमोद सिंह राजपूत, मनहरण यादव, थनेश पटेल, महेश सोनकर होंगे। इस मौके पर भव्य आतिशबाजी के साथ 50 फीट ऊंचे रावण का दहन किया जाएगा। साथ ही रामलीला का भी आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति में अध्यक्ष नोबल सिन्हा विष्णु देवांगन, उपाध्यक्ष सालिक राम धीवर, कोषाध्यक्ष लेखराम साहू अमर यादव, सचिव किशोर सोनकर धनेश्वर खैरवार, एवं सहसचिव सुशील साहू, अंचल गुप्ता हैं।

## उरला में कारी बदरिया की प्रस्तुति आज

कुम्हारी। ग्राम उरला में दशहरा उत्सव व राम लीला का आयोजन ग्रामीणों के द्वारा किया जा रहा है एवं विजय दशमी के दिन दशहरा का त्योहार भी मनाया जाता है। वहीं रात्रि कालीन 10 बजे से सांस्कृतिक लोक कला मंच कारी बदरिया ग्राम मोखा बालोद अपनी प्रस्तुति देगी।











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### आज विजया दशमी पर रविशंकर स्टेडियम में होगा रावण दहन

दुर्ग। भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परम्पराओं को दुर्ग शहर में यथावत बनाए रखने के लिए प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय पर्व उत्सव समिति द्वारा रविशंकर स्टेडियम में 12 अक्टूबर को रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित है। समिति के सरंक्षक अरुण वोरा ने बताया कि वरिष्ठ नेता स्व. मोतीलाल वोरा व डॉ जगदीश चंद्र मिश्रा द्वारा सन 1964 से विजयादशमी के दिन रावण दहन के कार्यक्रम की शुरुवात की गई थी। यह आयोजन का 60 वां वर्ष है। रावण दहन के लिए राम लक्ष्मण की शोभायात्रा तमेरपारा से रविशंकर स्टेडियम के लिए निकलेगी। सायं काल 7 बजे रावण का दहन होगा।

### मैत्री गार्डन से देवादा फुंडा और पुलगांव से अंडा तक छाया अंधियारा

# सड़क से अंधेरा दूर करने सांसद ने मंत्री को लिखा पत्र, होंगे बिजली के कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

कांग्रेस की सरकार द्वारा भले ही पुलगांव से अंडा तक चौडीकरण कार्य कराया गया था, लेकिन विद्युतीय कार्य नही किए जाने से इन मार्गो में अंधेरा छाया हुआ है। इसके आलावा मैत्री गार्डन चौक से ग्राम देवादा फुंडा तक करीब 23 किमी की सडक में हाईमास्ट और स्ट्रीट लाइन नही लगने से दुर्घटना की आशंका बनी हुई हैं। बहरहाल इन दोनों समस्या को लेकर सांसद विजय बघेल ने वित्तमंत्री ओपी चौधरी को पत्र लिखा है। जिसमे उन्होने लाइट नही होने से दुर्घटना की आशंका का जिक्र किया हैं।

पुलगांव से अंडा तक करीब 12 किमी की फोरलेन सडक के लिए 430 लाख का विद्युत कार्य कराया जाना है। वही मैत्री गार्डन चौक से ग्राम देवादा फुंडा करीब 23 किमी के लिए 835 लाख रूपए की स्वीकृति के लिए सांसद विजय बघेल ने वित्तमंत्री को प्रशासकीय स्वीकृति के लिए पत्र लिखा है। उल्लेखनीय है कि, हरिभूमि द्वारा पूर्व में भी इन मार्गो को लेकर समाचार प्रकाशित किया था। हाल ही में इसी समस्या को लेकर सांसद विजय बघेल ने गंभीरता दिखाई है। उन्होने 15 सितंबर 2024 को ही वित्तमंत्री ओपी चौधरी को पत्र लिखकर जल्द ही स्वीकृति राशि जारी करने कहा है। ऐसे में माना जा रहा हैं कि, जल्द ही इन मार्गो से अंधेरा दूर हो जाएगा। बहरहाल यहां सडक चौडीकरण के दौरान पुराने बिजली के खंबों को हटा दिया गया। लेकिन यहां शाम होते ही अंधेरा छाया रहता है। सडक पर मवेशी और अंधेरे से कभी भी बडी दुर्घटना घट सकती है। चौडीकरण के बाद विद्युत कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने का विभाग के अफसरों को इंतजार हैं।

### सांसद विजय बघेल ने दोनो मार्गों के लिए साढ़े बारह करोड़ की रखी मांग

**खास बातें**

- दोनो मार्गो के लिए सांसद ने दिखाई गंभीरता
- बजट में प्रावधान होने के बाद भी स्वीकृति में देरी
- अंधेरे से दुर्घटना की बनी रहती है आशंका



### बजट में किया जा चुका है प्रावधान

विद्युत यांत्रिकीय विभाग के एसडीओ संध्या बंजारे का कहना है कि, पुलगांव से अंडा तक के लिए पिछले साल के बजट में प्रावधान किया गया था। इधर पुलगांव से अंडा तक सडक चौडीकरण के बाद बिजली की सुविधा नही मिलने से लोगों को रात में सफर करना चुनौती से भरा लगता हैं। वर्तमान में यह सडक के बीचो बीच मवेशी भी बैठी रहती है। ऐसे में दोपहिया व चार पहिया वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे है। सडक बनने के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा रेडीयम आदि संकेतक भी नही लगाए गए है।

### विधानसभा चुनाव से पहले भेजे प्रस्ताव

विद्युत यांत्रिकीय विभाग द्वारा विधानसभा चुनाव से पहले प्रस्ताव भेजा गया था। लेकिन राज्य शासन से स्वीकृति नही मिलने का खामियाजा आम जनता को भुगतान पड रहा है। जानकारी अनुसार पुलगांव से अंडा तक करीब सौ करोड 34 लाख रूपए खर्च कर चौडीकरण कार्य किया गया है। पुलगांव और अंडा के आलावा दुर्ग शहर में अग्रसेन चौक से सिकोला ओव्हरब्रिज तक लाइट लगनी हैं। इसके आलावा पाटन रोड में उतई तक लाइटे लगाने का प्रस्ताव शासन के पास पेडिंग है। यहां मैत्रीबाग तक लाइट लगी है। इसके आलावा अंडा से होकर जाने वाले चंदखुरी मार्ग में भी लाइट लगनी है। इन सभी इलाको के लिए राज्य शासन को विभाग द्वारा प्रस्ताव भेज दिया गया है। लेकिन स्वीकृति नही मिलने से लोगों को अंधेरे का सामना करना पड रहा है।

## निगम की दुकानों का किराया नहीं देने पर होंगी सील

दुर्ग। शहर के नगर निगम की दुकानों का किराया और टैक्स नही चुकाने वालों दुकानदारों की दुकाने सील करने की कार्यवाही की जाएगी। अफसरों ने बताया कि, जल्द नगर निगम की टीम ऐसे बकायदारों की लिस्ट लेकर निकलेगी। साथ ही टीम अपने साथ अब ताला, सील, मोहर और लाल कपड़ा भी लेकर चलेगी। ताकि अगर तत्काल नगर निगम का किराया और टैक्स आपने नहीं चुकाया तो आपकी दुकान या प्रतिष्ठान को तत्काल सील कर दिया जाएगा। साथ ही आपका आवंटन भी कैंसिल कर आपकी दुकान किसी और को आबंटन कर दी जाएगी। बकायदारों पर सख्ती करेगा निगम इसे लेकर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने बाजार अधिकारी थानसिंह यादव को निर्देश दिए है। निर्देश के बाद बाजार अधिकारी थान सिंह यादव द्वारा किराया और टैक्स नहीं चुकाने वालो की लिस्ट तैयार किया जा रहा है। जिसमें उन्होंने नगर निगम की दुकानों के किराए और लाइसेंस की शत प्रतिशत वसूली कराने के लिए योजना बनाई जा रही है। बाजार अधिकारी ने बताया कि, दुकानों के किराए और लाइसेंस वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### स्वास्थ्य योजना की समीक्षा

दुर्ग। नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत 5 मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन किया जा रहा है। नोडल अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा ने कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर यूनिट में कार्यरत डॉक्टर एवं स्टाफ से चर्चा की तथा योजना का सुचारू रूप से क्रियान्वयन हो इस पर गंभीरता दिखाई एवं शिविर पर उपस्थित मरीजों के प्रति समुचित व्यवहार को ध्यान रखने कहा, उन्होंने आवश्यक जांच किट की उपलब्धता को सुनिश्चित करने वेंडर को समझाइश दी।

## दलहन-तिलहन, उद्यानिकी एवं नगदी फसलों के लिए करेंगे प्रोत्साहित



हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार ने संभाग के सभी कलेक्टर्स एवं विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर कृषि, उद्यानिकी, मछली पालन और पशु चिकित्सा विभाग के विभागीय कार्यों और गतिविधियों की जिलावार समीक्षा की। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त ने जिलेवार विभिन्न विभागीय योजनान्तर्गत कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और सभी कलेक्टर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

- कार्यक्रम निर्धारण हेतु संभाग स्तरीय बैठक सम्पन्न

बैठक में खरीफ वर्ष 2024 की प्रगति की समीक्षा तथा रबी वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना और कार्यक्रम निर्धारण पर विस्तृत समीक्षा की गई। कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि सभी कलेक्टर धान की परम्परागत खेती से हटकर खेती में विविधता लाने का प्रयास करें और धान के बदले दलहन-तिलहन, मक्का, उद्यानिकी एवं नगदी फसलों की खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि पूरे देश में मिलेट की मांग बढ़ रही है और इसे ध्यान में रखते हुए मिलेट उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कार्ययोजना बनाएं। उन्होंने अनुसूचित जनजाति वर्ग के कृषकों को बीज उत्पादन कार्यक्रम से जोड़ने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर आयुक्त दुर्ग संभाग एसएन राठौर, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, कलेक्टर बालोद इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, कलेक्टर बेमेतरा रनबीर शर्मा सहित जिला एवं संभाग स्तर के अधिकारीगण उपस्थित थे।

बीज उत्पादन पर फोकस करने निर्देश कृषि उत्पादन आयुक्त ने जिलों में विभागीय योजनाओं के तहत कार्यों के प्रगति की भी समीक्षा की। कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि पूरे राज्य में बीज की मांग को दृष्टिगत रखते हुए बीज उत्पादन कार्यक्रम पर ज्यादा ध्यान दिया जाएं। उन्होंने इसके लिए सभी जिलों से कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सहकारिता समिति गठन के कार्य में तेजी लाते हुए पशुओं को प्रोटीन युक्त खाद्य देने और दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए भी निर्देश दिए। संचालक कृषि ने दुर्ग संभाग में कृषि विभाग के कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी दी। कृषि उत्पादन आयुक्त ने मांग के अनुरूप सब्जियों के उत्पादन कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

### इन योजनाओं में तेजी लाने कहा

साथ ही सम्मान निधि योजना, बीमा योजना के तहत ऑनलाईन एंट्री और एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन कार्य में तेजी लाने को कहा। जिलों में संचालित कार्यक्रमों व गतिविधियों, उद्यानिकी फसलों के प्रसंस्करण, विपणन और निर्यात की संभावनाओं की जानकारी देने पर कृषि उत्पादन आयुक्त ने उद्यानिकी विभाग के रिक्त पदों की भर्ती किए जाने के निर्देश दिए। धान का रकबा कम करने की रणनीति एवं सुझाव, किसान क्रेडिट कार्ड, मछली पालन हेतु पट्टा एवं प्रचलित योजनाओं को प्रभावी बनाने पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई।

## बसपा की आत्मसम्मान यात्रा का दुर्ग में किया गया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

बहुजन समाज पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश ईकाई के तत्वावधान में अनुसुचित जाति, जनजाति, ओबीसी वर्ग का आरक्षण बचाने आत्मसम्मान व स्वाभिमान जगाओ यात्रा 8 अक्टूबर को दुर्ग शहर पहुंचा जहा पर दुर्ग शहर विधानसभा इकाई के अध्यक्ष सचिन गवई के नेतृत्व में गांधी चौक में यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। तथा नुक्कड़ सभा का आयोजन भी किया गया। ज्ञात हो की यह यात्रा सात सूत्रीय मांगों को लेकर 24 सितंबर से गिरौदपुरी धाम से शुरू होकर पूरे छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में पहुंची। इस यात्रा के प्रमुख नेतृत्वकर्ता श्याम टंडन प्रदेश अध्यक्ष बसपा छग थे। कार्यक्रम में दाऊ राम रत्नाकर पूर्व विधायक, रामेश्वर खरे, पूर्व विधायक, दीपक चंद्राकर, देवाआनंद कुंभकार, सागर सेन, दीक्षित उके, राकेश बोमबडे, प्रशांत कुर्रे, योगेन्द्र गजभिए व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### शांतिनगर दशहरा मैदान में जलेगा 50 फीट का रावण

**भिलाई।** शांतिनगर स्थित दशहरा मैदान में सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति द्वारा विजया दशमी उत्सव का कार्यक्रम शनिवार को शाम 7 बजे आयोजित किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष बृजमोहन सिंह ने बताया कि 48 वें वर्ष के दशहरा उत्सव कार्यक्रम में 50 फीट ऊंचे रावण के साथ 40 फीट ऊंचे मेघनाद और कुंभकर्ण का दहन किया जाएगा। कटक और काकीनाडा की आकर्षक आतिशबाजी का भी प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू होंगे। विशेष अतिथि जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर विशेष अतिथि और अध्यक्षता वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन होंगे। समाजसेवी पवन अग्रवाल, इंद्रजीत सिंह छोटू,पार्षद अभिषेक मिश्रा होंगे।

### रेल एल स्ट्रक्चरल मिल के कर्मियों को शिरोमणि पुरस्कार

**भिलाई।** बीएसपी के रेल एल स्ट्रक्चरल मिल विभाग में को शिरोमणि पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सहायक प्रबंधक राकेश कुमार पटेल को पाली शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया तथा नरेश कुमार देवांगन जूनियर इंजीनियर,राधेश्याम शर्मा इंजीनियर एसोसिएट, तारकेश्वर नायक (जूनियर इंजीनियर), दिलीप कुमार (इंजीनियर एसोसिएट) को कर्म शिरोमणि पुरस्कार दिया गया।




### रिसाली में कुथरेल के कलाकार जितेंद्र ने 27 कारीगरों के साथ तैयार किए पुतले

# औद्योगिक तीर्थ में फौलाद ढलने के साथ दशानन भी होते हैं तैयार



**दशहरा मैदान में तैयार तीस पुतले छग व ओडिशा भेजे, विरासत में मिली कला**





विमलशंकर झा ⏭ भिलाई

असत्य पर सत्य की जीत के पर्व दशहरा पर्व पर अहंकार और अत्याचार के प्रतीक रावण को धू धू करता जलता देख आमतौर पर हम सभी खुश होते हैं। लेकिन एक व्यक्ति ऐसा भी होता है, जिसे खुशी के साथ थोड़ा अफसोस भी होता है। अफसोस करने वाला यह व्यक्ति वह कलाकार होता है, जो हफ्तों अपनी प्रतिभा और मेहनत से दशानन का पुतला बनाता है। लंकापति को आग की भेंट चढ़ते देख उसे इसलिए थोड़ी पीड़ा होती है, क्योंकि कलाकार हफ्तों की मेहनत और लगन से वह इस विशालकाय कलाकृति का निर्माण करता है। फौलाद उत्पादन के लिए प्रसिद्ध भिलाई विजयादशमी पर रावण के पुतले बनाने के लिए भी प्रदेश में अपनी अलग पहचान बना रहा है। कुथरेल के चर्चित कलाकार जितेंद्र साहू की वर्कशाप लंकेश निर्माण की फैक्ट्री बनी हुई है। उनके द्वारा तैयार दशमेश के पुतले भिलाई दुर्ग सहित प्रदेश के कई शहरों में व कस्बों में जा रहे हैं। दशहरा पर्व के लिए दशहरा मैदान रिसाली लोगों के कौतुक का केंद्र बना हुआ है। यहां प्रसिद्ध कलाकार जितेंद्र साहू अपने साथी कारीगरों के साथ विजयादशमी के लिए रावण के पुतले तैयार कर रहे हैं। पिछले तीस साल से इस पेशेवर कला में रमे निकटस्थ ग्राम कुथरेल के श्री साहू को रावण के पुतले बनाने की कला विरासत में मिली। उनके पिता स्व. डोमन सिंह साहू भी पचास साल से दशानन के पुतले बना रहे थे। पिता को देख बचपन में खेल, खेल में यह कला सीखने वाले जितेंद्र साहू ने इसे पेशे के रुप अपनाया। इस साल दशहरा मैदान रिसाली में उनकी वर्कशाप में तीस से अधिक लंकापति के अलावा कुंभकर्ण तथा मेघनाद के पुतलों का निर्माण किया जा रहा है। इस कार्य में उनके कलात्मक निर्देशन में तीस कलाकार व कारीगर जुटे हुए हैं। वे बतौर आर्डर रायपुर, भिलाई, दुर्ग, उतई पाटन,रायपुर, अहिवारा, धमतरी, बालोद आदि प्रदेश के कई शहरों की विजयादशमी समितियों के लिए 35 रावण बना रहे हैं। 26 आर्डर कैंसिल करने पड़े। रावण के विशालकाय पुतलों का निर्माण जितना कलात्मक और श्रमसाध्य है, उतना ही संघर्षपूर्ण व दिलचस्प भी है। कई तरह की बाधाओं से बचाते हुए तिनका तिनका जोड़कर घोंसला बनाने की तरह है यह कला। जितेंद्र साहू बताते हैं कि हम पिछले 30 साल से छत्तीसगढ़ व ओडिशा के कई स्थानों के लिए रावण बना रहे हैं। इसके लिए हमारे पास भूषण साहू,चरण देशमुख, भूषण यादव,राजू, चुम्मन आदि 25 कलाकार व कारीगर मजदूर हैं। भाई आंचल व प्रमोद भी मदद करते हैं। दशहरा के डेढ़ माह पूर्व से हमारा काम शुरु हो जाता है। इस दौरान खुले मैदान में इतनी अधिक तादाद में 25 से 70 फीट के पुतले बनाने का काम अत्यधिक चुनौतीभरा होता है। इस दौरान बारिश, अंधड़,आग और आवारा मवेशियों से सुरक्षा जैसी कई बाधाएं आती हैं। 7,8 साल पूर्व तो बारिश के दौरान कई पुतले खराब हो गए थे। हमारी जिम्मेदारी निर्माण से लेकर लोडिंग व दशहरा स्थल तक रावण को खड़ा करने की होती है।

### कठिन और महंगी है कला

तीस साल से रावण के पुतले बना रहे जितेंद्र साहू बताते हैं कि 50 साल तक पिता के इस कलात्मक सीजनल पेशे को भावनात्मक लगाव के चलते पिछले तीस साल से अपनाए हुए हैं। महंगाई के दौर में प्रयुक्त सामानों व कारीगरों की मजदूरी के रेट बढ़ने के साथ पुतलों के निर्माण में कई तरह की परेशानियां भी हैं। मुनाफा मेहनत के हिसाब से बहुत ज्यादा नहीं होता है। जब रावण पुतले को जलते देखते हैं तो हमें भी खुशी होती है, लेकिन इतनी मेहनत व प्रतिभाकौशल से बनी आकर्षक कलाकृति को खत्म होते देख थोड़ा अफसोस भी होता है। लेकिन हमें अहंकार के नाश का भी संदेश मिलता है। जलने के पूर्व रावण का सबसे बड़ी दुश्मन तो बारिश है। दस साल पूर्व हमारे कई पुतले बारिश खराब हो गए थे। एक बार भिलाई 3 में रावण की मुंडी टूटकर गिर गई तो खुर्सीपार में दूसरे दिन जलाए जाने वाले रावण के सिर को तत्काल भेजा गया।



### मुश्किल है लंकेश का सिर बनाना

लंकापति के पुतलों के निर्माण की कला कठिन और महंगी भी है। सबसे मुश्किलभरा काम रावण का सिर( मुंडी) बनाना होता है। कलाकार जितेंद्र के पिता के समय से यह काम करने वाले 69 वर्षीय कृष्णा साहू बताते हैं कि पुतलों का निर्माण बांस की खपच्चियों, पैरा,कपड़ा, बोरी, पेपर और पेंट आदि से किया जाता है। दो माह पूर्व बंसोड़ों से बांस की बारीक खपच्चियां तैयार कराते हैं। शुरुआत रावण की मुंडी बनाने के कठिन काम से होती है। मुखौटा में कपड़े को पेंट से चिपकाकर बारिश में सुखाने में काफी वक्त लगता है। मुंडी के बाद धड़ से नीचे तक पूरा ढांचा बांस, पैरा व कपड़ों से तैयार किया जाता है। पटाखे भरने का काम आयोजकों का होता है। रावण,कुंभकर्ण व मेघनाद के पुतलों के ड्रेस शांटन सिल्क के रंगीन आकर्षक कपड़े से तैयार किए जाते हैं, जिसके लिए हमारे खुद के टेलर हैं।

## वेज रिवीजन को लेकर 28 अक्टूबर को भिलाई इस्पात संयंत्र में हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



■ संयुक्त ट्रेड यूनियन ने प्रबंधन को दिया नोटिस

सेल कर्मचारियों के 39 महीने के लंबित एरियर्स सहित वेज रिवीजन जल्द पूरा करने बोनस फार्मूला में परिवर्तन कर बोनस बढ़ाने इंसेंटिव स्कीम का रिवीजन करने, ठेका श्रमिकों को एस-1 ग्रेड का वेतन देने सहित विभिन्न मांगों को लेकर 28 अक्टूबर को हड़ताल पर जाने का भिलाई प्रबंधन को नोटिस दिया।

1 अक्टूबर को सेल प्रबंधन के साथ बोनस वार्ता विफल होने के बाद प्रबंधन द्वारा मनमाने तरीके से कर्मियों को बोनस दे दिए जाने से आक्रोशित एनजेसीएस यूनियनों ने अपनी पूर्व की मांगों के साथ बोनस फार्मूला में परिवर्तन कर नया बोनस फार्मूला बनाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर सेल की सभी इकाई एवं खदानों में 28 अक्टूबर को हड़ताल करने का निर्णय लिया था। इसके तहत शुक्रवार को भिलाई की इंटक, बीएमएस, सीटू, एटक, एचएमएस, एक्टू, लोईमू ,इस्पात श्रमिक मंच और स्टील वर्कर्स यूनियन ने आईआर के महाप्रबंधक जेएन ठाकुर के द्वारा भिलाई प्रबंधन को 28 अक्टूबर को हड़ताल पर जाने का नोटिस दिया। इस दौरान महाप्रबंधक विकास चंद्र और सहायक महाप्रबंधक रोहित हरित भी उपस्थित थे।

### यूनियन की मांगें

1 जनवरी 2017 से लागू होने वाले वेज रिवीजन के लंबित मुद्दों (39 महीने का एरियर एच आर ए,50% एचए पर्क्स ,8 महीने के एलटीसी राशि का नगदी कारण आदि का तत्काल निदान और बोनस फार्मूला को रद्द कर एनजेसीएस मीटिंग बुलाकर नया एएसपीएलआईएस बोनस फॉर्मूला बनाया जाए। ग्रेच्युटी पर सीलिंग निरस्तीकरण, इंसेंटिव स्कीम का रिवीजन , ठेका श्रमिकों का वेतन समझौता कर एस-1 ग्रेड का वेतन दिया जाए। ठेका श्रमिकों के ईएसआईसी की सीमा 21000 रुपए से बढ़कर 50 हजार किया जाए, श्रमिकों को 20% बोनस भुगतान,आरआईएनएल का विनिवेशीकरण बंद नया वेज स्ट्रक्चर लागू किया जाए और सभी कर्मचारियों को एक एडिशनल इंक्रीमेंट दिया जाए।

